तुलसी की बगिया बड़ी प्यारी

तुलसी की बगिया हरियाली मेरे श्याम जी को प्यारी,
पूजा करे नर नारी मेरे श्याम जी को प्यारी,
श्याम जी को प्यारी, मेरे कान्हा जी को प्यारी,
तुलसी की बगिया हरियाली....

जो मेरी तुलसा सुबेरे को पूजे,
दूधों के लोटा तैयारी मेरे श्याम जी को प्यारी,
तुलसी की बगिया हरियाली....

जो मेरी तुलसा दोपहर को पूजे,
छप्पन भोग लगे थाली मेरे श्याम जी को प्यारी,
तुलसी की बगिया हरियाली....

जो मेरी तुलसा शाम को पूजे,
रेशम के गद्दा तैयारी मेरे श्याम जी को प्यारी,
तुलसी की बगिया हरियाली....

जो मेरी तुलसा को कन्या पूजे,
वर मिले कृष्ण मुरारी मेरे श्याम जी को प्यारी,
तुलसी की बगिया हरियाली....

जो मेरी तुलसा को बहूअल पूजे,
गोदी में खेले बनवारी मेरे श्याम जी को प्यारी,
तुलसी की बगिया हरियाली....

जो मेरी तुलसा को बुढ़िया पूजे,
कंधा देत मुरारी मेरे श्याम जी को प्यारी,
तुलसी की बगिया हरियाली....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27406/title/tulsi-ki-bagiya-badi-pyari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |